# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 8742/26 /2017/चयन इन्दौर दिनांक 24 AUG 2017

## //विज्ञप्ति//

**राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा–2016 पद हेतु साक्षात्कार आयोजन संबंधी आवश्यक सूचना ।**

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 05/परीक्षा/2016/दिनांक 14.06.2016 के अन्तर्गत राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा–2016 के तहत सहायक यंत्री (सिविल), सहायक यंत्री (यांत्रिकी) एवं सहायक यंत्री (विद्युत) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया हैं । उपरोक्त पदों हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 21.12.2016 एवं 22.12.2016 को आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा का परिणाम आयोग द्वारा दिनांक 06.07.2017 को जारी किया गया हैं ।

2/ राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा–2016 के तहत विज्ञापित पदों के साक्षात्कार निम्नानुसार आयोजित किये जाना हैं :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | सहायक यंत्री (सिविल) | – | 04 सितम्बर, 2017 से 15 सितम्बर, 2017 |
| 02. | सहायक यंत्री (यांत्रिकी) | – | 18 सितम्बर, 2017 |
| 03. | सहायक यंत्री (विद्युत ) | – | 19 सितम्बर, 2017 |

3/ योग्य आवेदकों को साक्षात्कार पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र में अंकित ई–मेल एड्रेस पर दिनांक 25.08.2017 से प्रेषित किए जावेगें । आवेदकों की सुविधा की दृष्टि से साक्षात्कार पत्र आयोग की बेबसाईट www.mppsc.nic एवं www.mppsc.com पर भी दिनांक 28.08.2017 से उपलब्ध हैं । आवेदक अपना रोलनंबर एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि कर साक्षात्कार की प्रति प्राप्त कर सकते हैं । साक्षात्कार दिवस को प्रातः 09.30 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य हैं ।

4/ साक्षात्कार दिवस पूर्व आवेदक आयोग की वेबसाइट से व्यक्तिगत विवरण पत्रक, अनुप्रमाणन फार्म, एवं उपस्थिति पत्रक की प्रति डाउनलोड करके उसकी आवश्यक पूर्ति कर साक्षात्कार दिवस को प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं, व्यक्तिगत विवरण पत्रक 01 मूल प्रति एवं उसकी 05 छायाप्रतियां, अनुप्रमाणन फार्म 03 मूल प्रति में एवं उपस्थिति पत्रक 01 मूल प्रति में उसकी आवश्यक पूर्ति कर प्रस्तुत करें । साथ ही समस्त मूल अभिलेखों के साथ उनकी एक एक प्रमाणित प्रतियां भी साथ लाना अनिवार्य हैं । पहचान प्रमाण पत्र हेतु आधारकार्ड की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति प्रस्तुत करें । उक्त वांछित अभिलेखों के अभाव में आवेदक को साक्षात्कार की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा ।

उप परीक्षा नियंत्रक

Scanned by CamScanner